Postal Reg. No.GDP -45/2017-2019

अल्लाह तआला का आदेश

قُلِ اللّٰھُمَّ مٰلِكَ الْمُلْكِ تُؤْتِی الْمُلْكَ مَنْ تَشَآءُ وَتَنْزِعُ الْمُلْكَ مِمَّنْ تَشَآءُ وَتُعِزُّ مَنْ تَشَآءُ وَتُذِلُّ مَنْ تَشَآءُ بِیَدِكَ الْخَیْرُ ⊙

(सूरत आले-इम्रान आयत :27)

अनुवाद: तू कह दे हे मेरे अल्लाह! सल्तनत के मालिक! जू जिसे चाहे शासन प्रदान करे और जिस से चाहे छीन लेता है। और तू जिसे चाहे सम्मान प्रदान करता है और जिसे चाहे अपमानित कर देता है। भलाई तेरे ही हाथ में है

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ نَحْمَدُهٗ وَنُصَلِّیْ عَلٰی رَسُوْلِهِ الْكَرِیْمِ وَعَلٰی عَبْدِهِ الْمَسِیْحِ الْمَوْعُوْدِ

وَلَقَدْ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدْرٍ وَّاَنْتُمْ اَذِلَّةٌ

वर्ष 4

मूल्य 500 रुपए वार्षिक

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly
BADAR Qadian
HINDI

अंक 29

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

14 ज़िल्कअद: 1440 हिजरी कमरी 18 वफा 1397 हिजरी शमसी 18 जुलाई 2019 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल;ल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़ज़ल नाज़िल करे। आमीन

ज़मीन तथा आसमान की गवाहियां किसी नक्ली और बनावटी ख़ुदा की हस्ती का सबूत नहीं देतीं बल्कि उस اَحَدُ الصَّمَدُ لَمْ یَلِدْ وَلَمْ یُوْلَدْ ख़ुदा की हस्ती को दिखाती हैं जो ज़िन्दा और क़ायम ख़ुदा है और जिसे इस्लाम पेश करता है।

यह ख़ूब याद रखो कि इलहाम की ज़रूरत हार्दिक सन्तोष और दिल की दृढ़ता के लिए बहुत ज़रूरी है।

दरख़्तों के पत्ते पते पर और आसमान के ग्रहों पर इस का नाम बड़े मोटे अक्षरों में लिखा हुआ है।

उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

इस्लाम का ख़ुदा

और जान लें कि इस्लाम का ख़ुदा ऐसा गोरख धंदा नहीं कि उसे अक़्ल पर पत्थर मार कर ज़ोर ज़बरदस्ती मनवाया जाए और फ़ितरत में कोई भी सबूत उस के लिए ना हो बल्कि फ़ितरत के फैले हुए पृष्ठों में इस के इतने निशान हैं जो साफ़ बतलाते हैं कि वह है। एक-एक चीज़ इस सृष्टि में इस निशान और तख़्ती की तरह है जो हर सड़क या गली के सिर पर इस सड़क या मुहल्ला या शहर का नाम मालूम करने के लिए लगाए जाते हैं ख़ुदा की तरफ़ मार्गदर्शन करती है और इस मौजूद हस्ती का पता ही नहीं बल्कि सन्तुष्ट कर देने वाला सबूत देती है। ज़मीन तथा आसमान की गवाहियां किसी नक्ली और बनावटी ख़ुदा की हस्ती का सबूत नहीं देतीं बल्कि उस اَحَدُ الصَّمَدُ لَمْ یَلِدْ وَلَمْ یُوْلَدْ ख़ुदा की हस्ती को दिखाती हैं जो ज़िन्दा और क़ायम ख़ुदा है और जिसे इस्लाम पेश करता है। अत: पादरी फ़नडर जिस ने पहले-पहले हिन्दुस्तान में आकर मज़हबी मुनाज़रों में क़दम रखा और इस्लाम पर आरोप किए अपनी किताब मीज़ानुल हक़ मैं ख़ुद ही सवाल के तौर पर लिखता है कि अगर कोई ऐसा द्वीप हो जहां तस्लीस की शिक्षा ना दी गई हो तो क्या वहां के रहने वालों पर आख़िरत में तस्लीस की आस्था के आधार पर पूछताछ होगी? फिर ख़ुद ही जवाब देता है कि उनसे तौहीद के बारे में पूछा जाएगा। इस से समझ लो कि अगर तौहीद का नक़्शा हर वस्तु में ना पाया जाता और तस्लीस एक बनावटी और कृत्रिम आस्था ना होती तो अक़ीदा तौहीद की बिना पर पूछताछ क्यों होती?

तौहीद का नक़्श क़ुदरत की हर चीज़ में रखा हुआ है

बात असल में यह है कि इन्सान की फ़ितरत ही में

اَلَسْتُ بِرَبِّكُمْ قَالُوْا بَلٰی

(अल्अराफ़:173) नक़्श किया गया है और तस्लीस से कोई तुलना इन्सानी फितरत और संसार की सारी वस्तुओं को नहीं। एक क़तरा पानी का देखो तो वह गोल निकलता है। तीन की शक्ल में नहीं निकलता। इस से भी साफ़ तौर पर यही पाया जाता है कि तौहीद का नक़्श क़ुदरत की हर चीज़ में रखा हुआ है। ख़ूब ध्यान से देखो कि पानी का क़तरा गोल होता है और गोल शक्ल में तौहीद ही होती है इसलिए कि वह जिहत को नहीं चाहती और मुसल्लस शक्ल जिहत को चाहती है। अत: आग को देखो शक्ल भी मख़रूती है और वह भी गोलाई अपने अंदर रखती है। इस से भी तौहीद का नूर चमकता है। ज़मीन को लो और अंग्रेज़ों ही से पूछो कि इस की शक्ल कैसी है? कहेंगे गोल। अत: तिब्ब की तहक़ीक़ातें जहां तक होती चली जाएँगी वहां तौहीद ही तौहीद निकलती चली जाएगी। अल्लाह तआला इस आयत اِنَّ فِیْ خَلْقِ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ۔الآیۃ (आले इम्रान : 191) में बतलाता है कि जिस ख़ुदा को क़ुरआन प्रस्तुत करता है इस के लिए ज़मीन आसमान दलीलों से भरे पड़े हैं।

मुझे एक हकीम की बात बहुत ही पसंद आती है कि अगर सारी किताबें दरिया में बहा दी जाएं तो फिर भी इस्लाम का ख़ुदा बाक़ी रह जाएगा। इसलिए कि वह मुसल्लस और कहानी नहीं। वास्तव में दृढ़ बात वही है जिसकी सच्चाई किसी ख़ास चीज़ पर आधारित हो कि अगर वह ना हो तो इस का पता ही न हो। क़िस्सा कहानी का नक़्श ना दिल में होता है, ना फ़ितरत के सहीफ़ा में जब तक किसी पण्डित, पांधे या पादरी ने याद रखा उनका कोई वजूद मुस्लिम रहा। कुछ समय बाद ग़लत शब्द की तरह मिट गया।

क़ुरआन शिक्षा की गवाही क़ुदरत के क़ानून की ज़बान से अदा होती है

अल्लाह तआला फ़रमाता है:

اِنَّهٗ لَقُرْاٰنٌ كَرِیْمٌ۔ فِیْ كِتٰبٍ مَّكْنُوْنٍ۔ لَّا یَمَسُّهٗۤ اِلَّا الْمُطَهَّرُوْنَ

(अलवाक़िया :78 से 80) बल्कि यह सारा सहीफ़ा क़ुदरत के मज़बूत संदूक़ में महफ़ूज़ है। क्या मतलब कि यह क़ुरआन करीम एक छिपी हुई किताब में है। इस का वजूद काग़ज़ों तक ही सीमित नहीं बल्कि वह एक छिपी हुई किताब में है जिसको सहीफ़ा फ़ितरत कहते हैं अर्थात क़ुरआन की सारी शिक्षा की गवाही क़ानून क़ुदरत के कण-कण की ज़बान से अदा होती है। इस की शिक्षा और इस की बरकतें कथा कहानी नहीं जो मिट जाएं।

इलहाम की ज़रूरत

हर एक आदमी चूंकि अक़्ल से यक़ीन के स्तर पर नहीं पहुंच सकता इसलिए इलहाम की ज़रूरत पड़ती है जो अन्धेरे में अक़्ल के लिए एक रोशन चिराग़ हो कर मदद देता है और यही वजह है कि बड़े बड़े फिलास्फर भी केवल अक़्ल पर भरोसा कर के वास्तविक ख़ुदा को ना पा सके। अत: अफ़लातून जैसा फिलास्फर भी मरते वक़्त कहने लगा कि मैं डरता हूँ। एक बुत पर मेरे लिए एक मुर्ग़ा ज़िब्ह करो। इस से बढ़कर और क्या बात होगी। अफ़लातून की फ़िलास्फ़ी, उस की अक्ल और ज्ञान उस को वह सच्चा सन्तुष्ट और इतमीनान नहीं दे सकी जो मोमिनों को प्राप्त है। यह ख़ूब याद रखो कि

शेष पृष्ठ 12 पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अल्ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ का अमरीका का सफर, अक्तूबर 2018 ई (भाग-1)

अमरीका में सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमेनीन ख़लीफतुल मसीह अल-ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ का चौथी बार दौरा

मस्जिद बैतुल रहमान (वाशिंगटन)में पधारना ,जमाअत के लोगों का अपने प्यारे आक़ा का स्वागत

ऐम.टी.ए अर्थ स्टेशन (ऐम.टी.अटेली पोर्ट)की नई इमारत का उद्घाटन,मस्जिद बैतुल रहमान का मुआइना

फ़िलाडलफ़िया में पधारना, मस्जिद बैतुल आफ़ियत (फ़िलाडलफ़िया) का मुआइना, फ़ैमिली मुलाक़ातें, तक़रीब आमीन का आयोजन

(रिपोर्ट: अब्दुल माजिद ताहिर, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)

(अनुवादक: शेख मुजाहिद अहमद शास्त्री)

15 अक्तूबर 2018 ई (दिनांक सोमवार)

आज का दिन जमाअत अहमदिया अमरीका की तारीख़ में एक बहुत महत्व का और मुबारक दिन है। हज़रत अमीरुल मोमेनीन ख़लीफतुल मसीह अलख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने अमरीका के लिए अपना चौथा सफ़र फ़रमाया। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने जून 2008 ई में अमरीका का पहला दौरा फ़रमाया था जो अमरीका के पूर्वी हिस्सा की तरफ़ था। इस सफ़र में हुज़ूर अनवर ने वाशिंगटन में निवास फ़रमाया और जलसा सालाना के लिए Harrisburg के इलाक़ा में तशरीफ़ ले गए थे।

फिर 16 जून से 3 जुलाई 2012 ई को हुज़ूर अनवर ने अमरीका का दूसरा दौरा फ़रमाया था। यह दौरा भी अमरीका के पूर्वी इलाक़ा में था। इस सफ़र का आरम्भ शिकागो से हुआ था। शिकागो के अतिरिक्त ज़ीआन, कोलंबस, डीटोन, पिट्सबर्ग, वाशिंगटन डी.सी, हैरिस बर्ग,वर्जीनिया और बॉल्टीमोर जमाअतों में हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ तशरीफ़ ले गए और ये सब जमाअतें अपने प्यारे आक़ा के बरकतों वाले वजूद से फ़ैज़याब हुईं।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ का तीसरा सफ़र अमरीका के पश्चिमी हिस्सा में आबाद जमाअतों और रियासत कैलीफोर्निया के शहर लास एंजलीज़ का था। हुज़ूर अनवर का यह सफ़र 4 मई से 15 मई 2013 ई के अरसा पर आधारित था। हुज़ूर अनवर के इस सफ़र में वैस्ट कोस्ट और साऊथ वैस्ट की सारी जमाअतें हुज़ूर अनवर के बरकतों वाले वजूद से फ़ैज़याब हुईं।

अब यह जो था सफ़र जिसका आरम्भ वाशिंगटन से हुआ है इस दौरा में फ़िलाडलफ़िया, बाल्टी मोरावर साऊथ वर्जीनिया की मस्जिद के उद्घाटन का प्रोग्राम है। इस दौरा में जमाअत हीवसटन में भी कुछ प्रोग्राम शामिल हैं और फिर कुछ दिन के लिए साऊथ अमरीका के एक देश गवाइटे माला का दौरा भी शामिल है।

मस्जिद फ़ज़ल से अमरीका के लिए रवानगी

15 अक्तूबर दिनांक सोमवार 2018 ई दोपहर 2 बजकर 55 मिनट पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ अपनी रिहायश गाह से बाहर तशरीफ़ लाए। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला को विदा कहने के लिए जमाअत के लोग मर्द तथा औरत बड़ी संख्या में मस्जिद के बाहरी सेहन में जमा थे। हुज़ूर अनवर ने सामूहिक दुआ करवाई और अपना हाथ बुलंद करके सब को अस्सलामो अलैकुम कहा और एयरपोर्ट के लिए रवानगी हुई। लगभग तीन बज कर चालीस मिनट पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला की हीथ्रो एयरपोर्ट तशरीफ़ आवरी हुई। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ एक ख़ास प्रोटोकोल प्रबंध के तहत एयरपोर्ट के एक स्पेशल लाओनज में तशरीफ़ ले आए और इसी जगह इमीग्रेशन का प्रॉसॅस हुआ।

एयरपोर्ट पर हुज़ूर अनवर को विदा कहने के लिए आदरणीय रफ़ीक़ अहमद हयात साहिब अमीर जमाअत अहमदिया यू.के, आदरणीय मुबारक अहमद ज़फ़र साहिब ऐडीशनल वकीलुल माल लंदन और आदरणीय मेजर महमूद अहमद साहिब अफ़्सर हिफ़ाज़त ख़ास क़ाफ़िला के साथ आए थे। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने दया करते हुए इन लोगों को मुलाक़ात से नवाज़ा।

5 बजकर 20 मिनट पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ जहाज़ पर सवार हुए। ब्रिटिश एयरवेज़ की परवाज़ BA 293 पाँच बजकर 45 मिनट पर हीथ्रो लंदन एयरपोर्ट से वाशिंगटन अमरीका के लिए रवाना हुई।

लगभग आठ घंटे की निरन्तर उड़ान के बाद वाशिंगटन अमरीका के स्थानीय वक़्त के अनुसार आठ बजकर पैंतालीस मिनट पर जहाज़ वाशिंगटन के Dulles एयरपोर्ट पर उतरा। वाशिंगटन का वक़्त लंदन (यू.के) के वक़्त से पाँच घंटे पीछे है।

जहाज़ के दरवाज़ा पर अमीर जमाअत अमरीका आदरणीय साहिबज़ादा मिर्ज़ा मग़फ़ूर अहमद साहिब, नायब अमीर अमरीका आदरणीय मुनइम नईम साहिब और स्टेट डिपार्टमैंट की एक ऑफीसर ने विशेष प्रोटोकोल प्रबंध के तहत हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला का स्वागत किया।

इस के बाद एक स्पेशल Mobile Lounge (बस) के द्वारा हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला को स्टेट डिपार्टमैंट के प्रबंध के तहत एक स्पेशल लाओनज में लाया गया। इमीग्रेशन की कार्रवाई एक ख़ास प्रबंध के तहत इसी लाओनज में हुई। स्टेट डिपार्टमैंट की ऑफीसर ने अपनी निगरानी में ये सारे इंतिज़ामात करवाए।

प्रोफ़ैशनल सर्विसिज़ मैनिजमंट के एक सीनीयर ऑफीसर भी लाओनज में आए और हुज़ूर अनवर को ख़ुश-आमदीद कहा। हुज़ूर अनवर ने इन लोगों का शुक्रिया अदा किया और दया करते हुए उनसे गुफ़्तगु फ़रमाई।

एयरपोर्ट पर सामान के हुसूल और क्लीयरैंस के हवाला से जिन ऑफीसरज़ ने काम किया वे भी हुज़ूर अनवर से मुलाक़ात के लिए लाओनज में आए। इन सभी लोगों ने हुज़ूर अनवर के साथ तस्वीर बनवाने का सौभाग्य पाया।

इमीग्रेशन की कार्रवाई पूर्ण होने के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला को इस ख़ास दरवाज़ा के द्वारा एयरपोर्ट से बाहर लाया गया जो सिर्फ विशेष एहमीयत के मेहमानों और Dignitaries के लिए निर्धारित है। इस दरवाज़ा के साथ ही हुज़ूर अनवर की गाड़ी खड़ी की गई थी। एयरपोर्ट सैक्योरिटी ने विशेष गेट खोल कर पूरे सम्मान के साथ हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला को यहां से रवाना किया।

एयरपोर्ट से रवाना हो कर रात 10 बज कर 40 मिनट पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला की मस्जिद बैयतुर्रहमान तशरीफ़ लाए।

मस्जिद बैयतुर्रहमान और इस के इर्दगिर्द के खुले सेहन को बिजली के रंग बिरंगी रौशनी से सजाया गया था। ये सारा इलाक़ा रंग-बिरंगी रौशनियों से रोशन था। अपने प्यारे आक़ा के स्वागत और हुज़ूर अनवर के चेहरा मुबारक की एक झलक देखने के लिए अमरीका के इस क्षेत्र के दूरदराज़ शहरों और विभिन्न स्टेटस में आबाद हुज़ूर अनवर के उश्शाक हज़ारों की संख्या में दोपहर के बाद से ही मस्जिद बैयतुर्रहमान पहुंचना शुरू हो गए थे। मर्दो औरत और बच्चों और बूढ़ों का एक हुजूम था जो अपने प्यारे और महबूब आक़ा के नूर वाले चेहरा पर अपनी नज़र डालने के लिए बेताब था। वाशिंगटन और इस के इर्दगिर्द की जमाअतों के इलावा ये उश्शाक न्यूयार्क, Connecticut, नॉर्थ कैरोलीना, शिकागो,ज़ीआन, मिलवाकी और Oshkosh जमाअतों से आए थे और फिर मियामी,डैलस , Minneapolis, हीवसटन , बे प्वाईंट, सयाटल, सीलीकोन वैली और लास एंजलज़ से बड़े लंबे और दूर के सफ़र करके पहुंचे थे। अक्सर जमाअतों से तो पाँच से छ: घंटे का सफ़र कार के द्वारा तय करके पहुंचे थे जबकि शिकागो से आने वाले

शेष पृष्ठ 8 पर

ख़ुत्बः जुमअः

आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि वह (यूनुस पुत्र मती)मेरा भाई था क्योंकि वह भी अल्लाह का नबी था और में भी अल्लाह का नबी हूँ।

जिन औरतों का भी बदरी सहाबा रज़ि के साथ सम्बन्ध है इन औरतों का वर्णन भी कुछ सहाबा रज़ि के वर्णन में आ जाता है

ताकि इन औरतों के बुलंद मुक़ाम का भी हमें पता लगता रहे। इसलिए मैं यह वर्णन साथ साथ करता रहता हूँ।

नबी अकरम के आज़ाद किए हुए ग़ुलाम, इख़लास तथा वफ़ा की साक्षात मूर्ति बदरी सहाबी रसूल हज़रत ज़ैद बिन हारिसा और उनकी पत्नी हज़रत उम्मे ऐमन रज़ी अलल्लाआ अन्हुमा की मुबारक सीरत का दिल को भाने वाला वर्णन

उम्मुल मोमनीन हज़रत ज़ैनब बिन्त (पुत्री) जह्श रज़ी अल्लाह अनहा के निकाह का विस्तृत वर्णन

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 14 जून 2019 ई. स्थान - मस्जिद बैतुलफ़ुतूह, मोर्डन लंदन, यू.के.

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَرَسُولُهُ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ۔ اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔ صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّآلِّيْنَ

हज़रत ज़ैद बिन हारसह रज़ि की घटनाओं में पिछले ख़ुत्बे में वर्णन कर रहा था और इस अन्तर्गत में ताइफ के सफ़र की घटना का भी वर्णन हुआ था। वह भी आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ शामिल थे। ताइफ के इस सफ़र की कुछ अधिक वर्णन जो सीरत ख़ातमुन्निबय्यीन में हज़रत साहिबज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि ने लिखी है, वह भी इस के हवाले से वर्णन करता हूँ।

शुअब अबी तालिब से निकलने के बाद आंहुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने ताइफ का सफ़र किया था। जब यह घेराव उठ गया और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को अपनी हरकात अर्थात मूवमैंट (movement) में कुछ हद तक आज़ादी प्राप्त हुई तो आप (स) ने इरादा फ़रमाया कि ताइफ में जा कर वहां के लोगों को इस्लाम की दावत दें। ताइफ एक मशहूर स्थान है जो मक्का से दक्षिण पूर्व की तरफ़ चालीस मील की दूरी पर स्थित है और इस ज़माना में क़बीला बनू सक़ीफ़ से आबाद था। काअबा की विशेषताओं को अगर अलग रखकर देखा जाए तो शहर के लिहाज़ से ताइफ मानो मक्का का बारबर था और इस में बड़े बड़े अमीर धनाढ्य और दौलतमंद लोग आबाद थे और ताइफ की इस एहमीयत का ख़ुद मक्का वालों को भी इक़रार था। अत: यह मक्का वालों का ही कथन है जिसका अल्लाह तआला ने क़ुरआन करीम में भी वर्णन फ़रमाया है कि

لَوْلَا نُزِّلَ هٰذَا الْقُرْاٰنُ عَلٰى رَجُلٍ مِّنَ الْقَرْيَتَيْنِ عَظِيْمٍ

(अज़्ज़ुख़रफ़:32)

अर्थात अगर यह क़ुरआन ख़ुदा की तरफ़ से है तो मक्का या ताइफ के किसी बड़े आदमी पर क्यों नाज़िल ना किया गया। अत: शवाल 10 नबवी में आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ताइफ पधारे। कुछ रिवायतों में अकेले तशरीफ़ ले गए, कुछ में यह है कि ज़ैद बिन हारसह रज़ि भी साथ थे। वहां पहुंच कर आप (स) ने दस दिन निवास किया और शहर के बहुत से अमीरों से एक के बाद दूसरे से मुलाक़ात की मगर इस शहर की क़िस्मत में भी मक्का की तरह उस वक़्त इस्लाम लाना मुक़द्दर नहीं था। अत: सब ने इनकार किया बल्कि हंसी उड़ाई। आख़िर आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने ताइफ के सब से बड़े रईस अब्दे यालेल और हदीस में इब्ने अब्दे यालेल का नाम आता है, इस के पास जाकर इस्लाम की दावत दी मगर उसने भी साफ़ इनकार किया बल्कि उपहास के रंग में कहा कि अगर आप (स) सच्चे हैं तो मुझे आप (स) के साथ गुफ़्तगु की मजाल नहीं और अगर झूटे हैं तो फिर गुफ़्तगु व्यर्थ है। इस का कोई मक़सद नहीं और फिर उस ख़्याल से कि कहीं आप (स) की बातों का शहर के नौजवानों पर असर ना हो जाए आप (स) से कहने लगा कि बेहतर होगा कि आप (स) यहां से चले जाएं क्योंकि यहां कोई शख़्स आप (स) की बात सुनने के लिए तैयार नहीं और इस के बाद इस हतभागे ने शहर के आवारा आदमी आप (स) के पीछे लगा दिए। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम शहर से निकले तो ये लोग शोर करते हुए आप (स) के पीछे हो लिए और आप (स) पर पत्थर बरसाने शुरू किए जिस से आप (स) का सारा शरीर ख़ून से भीग गया और जो पहली रिवायत है इस में यह भी था कि हज़रत ज़ैद बिन हारसह रज़ि साथ थे, उनके सर पर भी पत्थर लगे जब वह पत्थरों को रोकते थे। बहरहाल बराबर तीन मील तक ये लोग आप (स) के साथ साथ गालियां देते और पत्थर बरसाते चले आए।

ताइफ से तीन मील के फ़ासले पर मक्का के रईस उतबा बिन रबीया का एक बाग़ था। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इस में आकर पनाह ली और ज़ालिम लोग थक कर वापस लौट गए। यहां एक छाया में खड़े हो कर आप (स) ने अल्लाह तआला के हुज़ूर यूं दुआ की कही

اَللّٰهُمَّ اِلَيْكَ اَشْكُوْ ضُعْفَ قُوَّتِيْ وَ قِلَّةَ حِيْلَتِيْ وَهَوَانِيْ عَلَى النَّاسِ۔ اَللّٰهُمَّ يَا اَرْحَمَ الرَّاحِمِيْنَ اَنْتَ رَبُّ الْمُسْتَضْعَفِيْنَ وَاَنْتَ رَبِّيْ

हे मेरे रब ! मैं अपनी क़ुव्वत की कंज़ोरी और तदबीर की कमी और लोगों के मुक़ाबले में अपनी विवशता की शिकायत तेरे ही पास करता हूँ। हे मेरे ख़ुदा! तू सबसे बढ़कर रहम करने वाला है और कमज़ोरों और बेकसों का तू ही निगहबान और मुहाफ़िज़ है। तू ही मेरा परवरदिगार है। मैं तेरे ही मुँह की रोशनी में पनाह का इच्छुक होता हूँ क्योंकि तू ही है जो ज़ुल्मतों को दूर करता और इन्सान को दुनिया तथा आख़िरत के भलाइयों का वारिस बनाता है।

उत्बह तथा शैबह उस वक़्त अपने इस बाग़ में मौजूद थे। जब उन्होंने आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को इस अवस्था में देखा तो दूर तथा नज़दीक की रिश्तेदारी से या क़ौमी एहसास से या ना मालूम किसी और ख़्याल से,बहरहाल अपने ईसाई ग़ुलाम अद्दास नामक के हाथ एक प्लेट में कुछ अंगूर लगा कर आपके पास भिजवाए। आप (स) ने ले लिए और अद्दास से मुख़ातब हो कर फ़रमाया कि तुम कहाँ के रहने वाले हो? और किस मज़हब के पाबंद हो? उसने कहा कि मैं नैनवा का हूँ और ईसाई मज़हब का मानने वाला हूँ। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि क्या वही नैनवा जो ख़ुदा के सालिह बंदे यूनुस बिन मती का निवास था? अद्दास ने कहा। उसने फिर आपसे पूछा कि हाँ मगर आपको यूनुस का हाल कैसे मालूम हुआ? आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि वह मेरा भाई था क्योंकि वह भी अल्लाह का नबी था और मैं भी अल्लाह का नबी हूँ। फिर आप (स) ने उसे इस्लाम की तब्लीग़ फ़रमाई जिसका उस पर असर हुआ और उसने आगे बढ़कर जोश तथा इख़लास में आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के हाथ चूम लिए। इस दृशय को दूर से खड़े खड़े उत्बा और शैबह भी देख रहे थे। अत: जब

अद्दास उनके पास वापस गया तो उन्होंने कहा अद्दास तुझे क्या हुआ था कि इस शख़्स के हाथ चूमने लगा। ये शख़्स तो तेरे धर्म को ख़राब कर देगा हालाँकि तेरा धर्म उस के धर्म से बेहतर है।

इस के बाद फिर थोड़ी देर आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इस बाग़ में आराम फ़रमाया और फिर वहां से रवाना हुए और नख़ला में पहुंचे जो मक्का से एक मंज़िल की दूरी पर स्थित है और वहां कुछ दिन निवास किया। इस के बाद नख़ला से रवाना हो कर आप (स) हिरा पहाड़ पर आए और चूँकि सफ़र ताइफ की बज़ाहिर नाकामी की वजह से मक्का वालों के ज़्यादा दिलेर हो जाने का अंदेशा था इसलिए यहां से आप (स) ने मुत्इम बिन अदी को कहला भेजा कि मैं मक्का में दाख़िल होना चाहता हूँ। क्या तुम मुझे इस काम में मदद दे सकते हो? मुत्इम पक्का काफ़िर था मगर तबीयत में शराफ़त थी और ऐसे हालात में इन्कार करना अरब के शरीफों की फ़ित्रत के ख़िलाफ़ था कि अगर कोई पनाह मांगे तो इस को पनाह ना दें। बहरहाल अरबों में इस ज़माने में भी, जाहलियत में भी यह विशेषता थी। इसलिए उसने अपने बेटों और रिश्तेदारों को साथ लिया और सब तलवार लेकर काबा के पास खड़े हो गए और आप (स) को कहला भेजा कि आ जाऐं हम आप (स) को पनाह देते हैं। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम आए और काबा का तवाफ़ किया और वहां से मुत्इम और इस की औलाद के साथ तलवारों के साया में अपने घर में दाख़िल हो गए। रास्ता में अब्बू जहल ने मुत्इम को इस हालत में देखा तो हैरान हो कर कहने लगा कि क्या तुमने मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को सिर्फ पनाह दी है या उस के अधीन हो गए हो? मुत्इम ने कहा। मैं सिर्फ पनाह देने वाला हूँ। अधीन नहीं हूँ। इस पर अबु जहल ने कहा। अच्छा फिर कोई हर्ज नहीं। बहरहाल मुत्इम कुफ़्र की हालत में ही फ़ौत हुआ।

(उद्धिरत सीरत ख़ातमुन्निबिय्यीन लेखक हज़रत साहिबज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि एम ए पृष्ठ 181 से 183)

यह बहरहाल उस की एक नेकी थी। हज़रत ज़ैद रज़ि जब हिजरत कर के मदीना पहुंचे तो आप रज़ि ने हज़रत कुलसूम बिन हिद्म रज़ि के पास निवास किया जबकि कुछ के अनुसार आप रज़ि हज़रत साद बिन ख़ैसमह रज़ि के पास ठहरे। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने आप रज़ि का भाईचारा हज़रत उसैद बिन हुज़ैर रज़ि से करवाया। कुछ ने लिखा है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने आप रज़ि का भाईचारा हज़रत हमज़ह रज़ि से करवाया। अर्थात कि हज़रत हमज़ा रज़ि को आप रज़ि का भाई बनाया। यही वजह है कि जंग उहद के दिन हज़रत हमज़ा ने लड़ाई के वक़्त हज़रत ज़ैद रज़ि के हक़ में वसीयत फ़रमाई थी।

(अत्तबकातुल कुब्रा जिल्द 3 पृष्ठ 32 ज़ैद अलहब बिन हारिसा प्रकाशन दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत)

(अत्तबकातुल कुब्रा जिल्द 3 पृष्ठ 6 हमज़ा बिन अब्द अल-मुतलिब रज़ी अल्लाह अन्हो प्रकाशन दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत)

इस बारे में हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि ने सीरत ख़ातमुन्निबय्यीन में और अधिक लिखा है कि

मदीना पहुंचने के कुछ समय बाद आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने ज़ैद बिन हारसह रज़ि को कुछ रुपए देकर मक्का रवाना फ़रमाया जो कुछ दिन में आपके और अपने घर वालों को साथ लेकर ख़ैरीयत से मदीना पहुंच गए। उनके साथ अब्दुल्लाह बिन अबी बिक्र, हज़रत अबू बकर रज़ि के घर वालों को भी साथ लेकर मदीना पहुंच गए।

(उद्धरित सीरत ख़ातमुन्निबय्यीन लेखक हज़रत साहिबज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि एम ए पृष्ठ 269)

हज़रत बरा रज़ी अल्लाह तआला अन्हो से रिवायत है कि जब नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने ज़ी क़ादा में उमरा करने का इरादा किया तो मक्का वालों ने इस बात से इनकार किया कि आप (स) को मक्का में दाख़िल होने दें। आख़िर आप (स) ने उनसे इस शर्त पर सुलह की कि आप (स) अगले वर्ष उमरा को आएँगे और यहां मक्का में तीन दिन तक ठहरेंगे। जब सुलह नामा लिखने लगे तो यूं लिखा कि ये वे शर्तें हैं जिस पर मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने सुलह की। मक्का वाले कहने लगे कि हम इस चीज़ को नहीं मानते। अगर हम जानते कि आप (स) अल्लाह के रसूल हैं तो आप (स) को कभी ना रोकते। कहने लगे हमारे नज़दीक तो आप (स) मुहम्मद बिन अब्दुल्लाह हैं। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि मैं अल्लाह का रसूल भी हूँ और मुहम्मद बिन अब्दुल्लाह भी। आप (स) ने हज़रत अली रज़ि से फ़रमाया कि रसूलुल्लाह का लफ़्ज़ यहां से मिटा दो। हज़रत अली रज़ि ने कहा हरगिज़ नहीं। अल्लाह की क़सम! मैं आप (स) के ख़िताब को कभी नहीं मिटाऊंगा अर्थात कि अल्लाह का रसूल। अल्लाह तआला ने आपको जो ख़िताब दिया है इस को मैं नहीं मिटा सकता। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उनसे लिखा हुआ काग़ज़ ले लिया। आप अच्छी तरह लिखना नहीं जानते थे। आपने यूं लिखा कि ये वे शर्तें हैं जो मुहम्मद बिन अब्दुल्लाह ने ठहराईं। मक्का में कोई हथियार नहीं लाएँगे सिवाए तलवारों के, जो नयामों में होंगी और मक्का वालों में से किसी को भी साथ नहीं ले जाऐंगे यद्यिप वे उनके साथ जाना चाहे और अपने साथियों में से किसी को भी नहीं रोकेंगे अगर वह मक्का में ठहरना चाहे। बहरहाल इस सन्धि के अनुसार आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अगले साल मक्का में दाख़िल हुए और तीन दिन की मुद्दत ख़त्म हो गई तो क़ुरैश हज़रत अली के पास आए और कहने लगे कि अपने साथी मुहम्मद अर्थात आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से कहो कि अब यहां से चले जाएं क्योंकि निर्धारित समय सीमा गुज़र चुकी है, तीन दिन ठहरने की शर्त थी ,तीन दिन हो गए हैं। अत: नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम वहां से रवाना हो गए। हज़रत हमज़ह रज़ि की बेटी उमारह ,एक रिवायत में उनका नाम उमामह और दूसरी रिवायत में अम्तुलल्लाह भी मिलता है ,आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पीछे पीछे आईं कि हे चाचा! हे चाचा! हज़रत अली रज़ि ने जा कर उसे ले लिया, पकड़ लिया। इस का हाथ पकड़ा और हज़रत फ़ातिमा अलैहिस्सलाम से कहा कि आप रज़ि चाचा की बेटी को ले लें। उन्होंने इस को सवार कर लिया। अब हज़रत अली रज़ि ,हज़रत ज़ैद रज़ि, और हज़रत जाफ़र रज़ि हज़रत हमज़ह रज़ि की लड़की के बारे में झगड़ने लगे। हज़रत अली रज़ि कहने लगे कि मैं ने तो इस को लिया है और मेरे चाचा की बेटी है और हज़रत जाफ़र ने कहा कि मेरे चाचा की बेटी है और इस की ख़ाला अस्मा बिन्त (पुत्री) उमैस मेरी बीवी है और हज़रत ज़ैद रज़ि ने कहा कि मेरे भाई की बेटी है जैसा कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने भाईचारा क़ायम किया था। फिर नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इस के बारे में फ़ैसला किया कि वह अपनी ख़ाला के पास रहीं अर्थात हज़रत जाफ़र जो थे उनके पास रहे। फिर आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि ख़ाला माँ के स्थान पर होती है और हज़रत अली रज़ि से कहा तुम मेरे हो और मैं तुम्हारा हूँ और हज़रत जाफ़र से कहा तुम सूरत और सीरत में मुझसे मिलते जुलते हो और हज़रत ज़ैद से कहा कि तुम हमारे भाई हो और दोस्त हो। हज़रत अली रज़ि ने कहा कि आप हमज़ह रज़ि की बेटी से शादी नहीं कर लेते? आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि वह मेरे रज़ाई भाई की बेटी है। मेरे दूध भाई हैं और मैं इस बच्ची का चाचा हूँ। यह रिवायत बुख़ारी में है और सीरतुल हलबिया में भी है।

(सही अल-बुख़ारी किताबुल मग़ाज़ी हदीस 4251)

(अस्सीरतुल हलिबया जिल्द 3 पृष्ठ 95 किताब अल्मुग़ाज़ी प्रकाशन दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 2002 ई)

हज़रत ज़ैद बिन हारसह रज़ि ने हज़रत उम्मे ऐमन रज़ि से शादी की थी। हज़रत उम्मे ऐमन रज़ि का नाम बरकत था और आप अपने बेटे ऐमन रज़ि के कारण से उम्मे ऐमन की कुनिय्यत से मशहूर थीं। आप रज़ि हब्शा की रहने वाली थीं। नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पिता हज़रत अब्दुल्लाह की दासी थीं। उनकी वफ़ात के बाद हज़रत आमना के पास रहने लगीं। जब रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की उम्र छ: साल की थी तो आप (स) की माता जी आप (स) को साथ लेकर अपने मैके से मिलने मदीना गईं तो उस वक़्त हज़रत उम्मे ऐमन रज़ि बतौर ख़ादिमा साथ थीं,छोटी भी होंगी। मदीना से वापसी पर जब अब्वा नामक स्थान पर जो कि मस्जिद नब्वी से पाँच मील की दूरी पर है पहुंची तो हज़रत आमना की वफ़ात हो गई । हज़रत उम्मे ऐमन रज़ि आं हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को इन्ही दो ऊंटों पर मक्का वापस ले आएं जिन पर वह मक्का से गई थीं। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के दावा नुबुव्वत से पहले मक्का में हज़रत उम्मे ऐमन रज़ि की शादी उबैद बिन ज़ैद से हुई जो ख़ुद एक हब्शी ग़ुलाम थे। उनके हाँ बेटा पैदा हुआ जिसका नाम ऐमन था। हज़रत ऐमन रज़ि ने जंग हुनैन में शहादत का मुक़ाम हासिल किया। हज़रत उम्मे ऐमन रज़ि के पति की वफ़ात हो गई तो आप रज़ि की शादी हज़रत ज़ैद रज़ि से कर दी गई। एक रिवायत में यह है कि हज़रत उम्मे ऐमन रज़ि नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से निहायत मेहरबानी से पेश आतीं और आप (स) का ख़्याल रखती थीं। इस पर रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि जो जन्नत वाली औरत से शादी कर के ख़ुश होना चाहता है तो उसे चाहिए कि वह उम्मे ऐमन रज़ि से शादी कर ले। अत: इस पर

हज़रत ज़ैद बिन हारसह रज़ि ने उनसे शादी की जिस से हज़रत उसामह रज़ि पैदा हुए। हज़रत उम्मे ऐमन रज़ि ने मुस्लमानों के साथ हब्शा की तरफ़ हिजरत की थी। वहां से हिजरत के बाद मदीना वापस आएं और जंग-ए-उहद में शिरकत की। इस मौक़े पर आप रज़ि लोगों को पानी पिलातें और ज़ख़मियों की तीमारदारी करती थीं। उनको जंग ख़ैबर में भी शिरकत की तौफ़ीक़ मिली। 23 हिज्री में जब हज़रत उमर रज़ि ने शहादत पाई तो हज़रत उम्मे ऐमन रज़ि बहुत रोईं। लोगों ने पूछा क्यों रोती हो तो उन्होंने जवाब दिया कि हज़रत उमर रज़ि की शहादत से इस्लाम कमज़ोर पड़ गया है। हज़रत उम्मे ऐमन रज़ि की वफ़ात हज़रत उसमान रज़ि के दौर ख़िलाफ़त के आरम्भ में हुई।

(अत्तबकातुल कुब्रा जिल्द 8 पृष्ठ 179 से 181 उम्मे ऐमन , जिल्द 1 पृष्ठ 93-94 वर्णन वफ़ात आमनह उम्मे रसूल प्रकाशन दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 1990 ई) (अस्सीरतुल हलिबया जिल्द अव्वल पृष्ठ 77 बाब वफ़ात वालद रसूलुल्लाह , दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 2002 ई) (असदुल ग़ाबह जिल्द 7 पृष्ठ 291 उम्मे एमन प्रकाशन दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 2003 ई)(मुअज्जमुल बुल्दान जिल्द अवूवल पृष्ठ 102 अब्वा प्रकाशन दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत)

हज़रत ज़ैद रज़ि की हज़रत उम्मे ऐमन रज़ि से शादी के बारे में विभिन्न हवालों से हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि ने जो तहरीर किया है इस का सार यह है, जो आप रज़ि की लेखनी में है कि उम्मे ऐमन रज़ि वही हैं जो आप (स) के पिता की वफ़ात पर एक दासी की हैसियत में आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को विरसा में पहुंची थीं। बड़े हो कर आप (स) ने उन्हें आज़ाद कर दिया था और उनके साथ बहुत एहसान का सुलूक फ़रमाते थे। बाद में उम्मे ऐमन रज़ि की शादी आप (स) के आज़ाद किए हुए ग़ुलाम ज़ैद बिन हारसह रज़ि के साथ हो गई और उनके गर्भ से उसामा बिन ज़ैद रज़ि पैदा हुए।

(उद्धरित सीरत ख़ातमुन्निबय्यीन लेखक हज़रत साहिबज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि एम ए पृष्ठ 99)

जिन्हें अलुहिब्बु इबुनु अलुहिब्ब अर्थात महबूब का प्यारा बेटा कहा जाता था।

(अल्इस्तेयाब फ़ी मारफतुस्सहाबा जिल्द 1 पृष्ठ 75 उसामा बिन ज़ैद प्रकाशन दार अलजील बेरूत 1992 ई)

रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम हज़रत उम्मे ऐमन रज़ि को देखकर फ़रमाया करते थे कि यह अुम्मी अर्थात हे मेरी माता। जब आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम हज़रत उम्म ऐमन रज़ि की तरफ़ देखते तो फ़रमाते। هٰذِهٖ بَقِيَّةُ اَهْلِ بَيْتِيْ यह मेरे अहल बैत में से बाक़ी बची हैं। एक दूसरी रिवायत के अनुसार आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम यह भी फ़रमाते थे कि أُمُّ أَيْمَنَ أُمِّيْ بَعْدَ أُمِّيْ अर्थात उम्मे ऐमन रज़ि मेरी वास्तविक माता के बाद मेरी माता है और आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम उनके घर में भी उनकी मुलाक़ात के लिए तशरीफ़ ले जाया करते थे।

(तारीख़ अत्तिबरी जिल्द 13 पृष्ठ 375 अल्मुनतख़ब फ़ी किताब अलमुज़ील वज़ज़ील.. दारुल फ़िक्र बैरूत 2002ई) (असदुल ग़ाब जिल्द 7 पृष्ठ 291, उम्मे एमन मोलात रसूलुल्लाह , दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 2008 ई)

हज़रत अनस बिन मालिक रज़ी अल्लाह तआला अन्हो से रिवायत है कि जब मुहाजिर मक्का से मदीना आए और उनके हाथ में कुछ भी ना था और अन्सार ज़मीन और जायदाद वाले थे तो अन्सार ने उनसे मुआहिदा किया कि वह उनको अपने बाग़ों का मेवा हर साल दिया करेंगे लेकिन उन में काम काज वह ख़ुद करेंगे। बाग़ का फल देंगे, आय देंगे लेकिन जो बाग़ की मेहनत मज़दूरी है, इस को सँभालना है वह ख़ुद क्या करेंगे। मुहाजरीन को नहीं करने देंगे। हज़रत अनस रज़ि की माता हज़रत उम्मे सुलैम थीं जो हज़रत अब्दुल्लाह बिन अबी तलहा रज़ि की भी माता थीं। हज़रत अनस की माँ ने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को कुछ खजूर के वृक्ष दिए हुए थे। नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने ये वृक्ष अपनी खिलाई हज़रत उम्मे ऐमन रज़ि को दे दिए जो हज़रत उसामा बिन ज़ैद रज़ि की माता थीं। इब्ने शहाब कहते थे कि मुझे हज़रत अनस बिन मालिक रज़ि ने बताया कि नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम जब ख़ैबर वालों की लड़ाई से फ़ारिग़ हुए और मदीना को लौट गए तो मुहाजिरीन ने अन्सार के वह तोहफे अर्थात वह फलदार वृक्ष जो उन्होंने उनको अपने बाग़ों से दिए हुए थे, वापस कर दिए। अब उनको अपनी भी कुछ दौलत जायदाद इत्यादि मिल गई थी। नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने भी हज़रत अनस रज़ि की माता को उनकी खजूरें वापस कर दें और उनकी जगह रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उम्मे ऐमन रज़ि को अपने बाग़ में से कुछ वृक्ष दे दिए।

(सही अल-बुख़ारी हदीस 2630)

बुख़ारी की एक दूसरी रिवायत में इस का और विस्तार यूं है कि हज़रत अनस रज़ि से रिवायत है कि कोई सहाबी नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के लिए ख़जूरों के कुछ वृक्ष विशेष कर दिया करता था। जब आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने क़ुरैज़ा और नज़ीर फ़तह किए तो आप (स) को उनकी ज़रूरत ना रही। तो वह कहते हैं कि मेरे घर वालों ने मुझे कहा कि मैं नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास जाऊं और आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से वह वृक्ष जो उन्होंने आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को दिए थे या उनमें से कुछ वृक्ष वापस करने के लिए कहूं क्योंकि अब आप (स) को ज़रूरत नहीं रही। हज़रत अनस रज़ि से यह रिवायत है। तो कहते हैं कि नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने ये वृक्ष क्योंकि हज़रत उम्मे ऐमन रज़ि को दिए हुए थे तो ये सुनकर हज़रत उम्मे ऐमन रज़ि आएं और मेरी गर्दन में कपड़ा डाला और बोलीं कि मैं हरगिज़ नहीं दूँगी। कसम है उस हस्ती की जिसके सिवा कोई उपास्य नहीं! कि ये वृक्ष तुम्हें कभी नहीं मिलेंगे जबकि ये आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम मुझे दे चुके हैं या कुछ ऐसा ही कहा। नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत उम्मे ऐमन रज़ि से फ़रमाया कि कोई बात नहीं, वापस कर दो। तुम्हें इतने ही और दूँगा। जितने तुम्हें वृक्ष दिए हुए हैं उतने ही दूसरी जगह से और दे दूँगा। लेकिन वह कहती थीं कि अल्लाह की क़सम! हरगिज़ नहीं। हज़रत अनस कहते हैं कि मेरा ख़्याल है कि आख़िर आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उनको, हज़रत उम्मे ऐमन रज़ि को इस से दस गुना दिए या कुछ ऐसे ही शब्द थे जो कहे। (सही अल-बुख़ारी किताबुल मग़ाज़ी हदीस 4120)कि मैं तुम्हें दस गुना दे दूँगा। इस के बाद ये वृक्ष वापस किए गए।

एक रिवायत है कि हज़रत उम्मे ऐमन रज़ि को मदीना की तरफ़ पैदल हिजरत करते वक़्त बहुत अधिक प्यास लगी, बड़ी बुज़ुर्ग औरत थीं, अल्लाह तआला से उनका बड़ा ख़ास सम्बन्ध था। इस वक़्त आप रज़ि के पास पानी भी नहीं था और गर्मी भी बहुत अधिक थी। उन्होंने अपने सिर के ऊपर किसी चीज़ की आवाज़ सुनी तो क्या देखती हैं कि उन पर आसमान से डोल की मानिंद एक चीज़ झुक आई थी जिससे पानी के सफ़ैद बिन्दु गिर रहे थे। उन्होंने इस में से पानी पिया यहां तक कि तृप्त हो गईं। वह कहा करती थीं कि इस के बाद से मुझे कभी प्यास और तृष्णा का एहसास नहीं हुआ, तकलीफ़ नहीं हुई और कभी रोज़े की अवस्था में भी प्यास महसूस होती तो तब भी मैं प्यासी नहीं रहती थी।

बदरी सहाबा के साथ जिन औरतों का भी सम्बन्ध है इन औरतों का वर्णन भी कुछ सहाबा के वर्णन में आ जाता है ताकि इन औरतों के उच्च मुक़ाम का भी हमें पता लगता रहे इसलिए में ये वर्णन साथ साथ करता रहता हूँ।

हज़रत उम्मे ऐमन रज़ि की ज़बान में कुछ लुक्नत थी जब वह किसी के पास जातीं तो سَلَامُ اللهِ عَلَيْكُمْ की बजाय, (पहले ये سَلَامُ اللهِ عَلَيْكُمْ कहने का रिवाज था,) लुक्नत की वजह से سَلَامٌ لَا عَلَيْكُمْ कहती थीं। अत: रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उन्हें سَلَامُ اللهِ عَلَيْكُمْ की बजाय سَلَامٌ عَلَيْكُمْ या اَلسَّلَامُ عَلَيْكُمْ कहने की इजाज़त दी और अब वही रिवाज है।

हज़रत आयशा रज़ि फ़रमाती हैं कि एक दिन रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने पानी पिया तो उस वक़्त हज़रत उम्मे ऐमन रज़ि आप (स) के पास थीं। उन्होंने कहा हे रसूलुल्लाह! मुझे भी पानी पिलाऐं। हज़रत आयशा रज़ि कहती हैं इस पर मैं ने इन से कहा कि क्या रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को तुम इस तरह कह रही हो कि तुम्हें पानी पिलाऐं? इस पर उन्होंने कहा कि क्या मैं ने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ज़्यादा ख़िदमत नहीं की। इस पर नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया तू ने सच कहा है। फिर आप (स) ने उन्हें पानी पिलाया।

(अस्सीरतुल हलबिया जिल्द अव्वल पृष्ठ 77-78 बाब वालेदतु रसूलुल्लाह , दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 2002 ई)

हज़रत अनस रज़ि वर्णन करते हैं कि जब रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम वफ़ात पा गए तो हज़रत उम्मे ऐमन रज़ि रोती रहीं। उनसे पूछा गया कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के लिए आप रज़ि क्यों रो रही हैं? तो उन्होंने कहा कि मैं यह तो जानती थी कि नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम भी ज़रूर वफ़ात पा जाऐंगे लेकिन में तो इसलिए रोती हूँ कि वह्य हम से उठा ली गई।

(असदुल ग़ाब जिल्द 7 पृष्ठ 291, उम्मे एमन मोला रसूलुल्लाह , दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 2008 ई)

अर्थात आप (स) की वफ़ात का एक ग़म है वह तो अलग रहा लेकिन इस के साथ जो नया नया अल्लाह तआला का कलाम नाज़िल होता था, वह्य होती थी वह सिलसिला अब बंद हो गया है। इस वजह से मुझे रोना आ रहा है।

हज़रत अनस बिन मालिक रज़ि वर्णन करते हैं कि एक बार रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की वफ़ात के बाद हज़रत अबू बकर रज़ि ने हज़रत उमर रज़ि से कहा कि हमारे साथ हज़रत उम्मे ऐमन रज़ि के हाँ चलो कि उनसे मिलें जिस तरह रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम उनसे मिला करते थे। जब हम उनके पास पहुंचे तो वह रो पढ़ें। इस पर इन दोनों ने उन्हें कहा कि आप रज़ि क्यों रोती हैं? जो कुछ अल्लाह के पास है वह उस के रसूल सल्लल्लाहो अलैहि के लिए बेहतर है। हज़रत उम्मे ऐमन रज़ि ने कहा कि मैं इसलिए नहीं रोती कि जानती नहीं हूँ कि जो अल्लाह के पास है वह उस के रसूल के लिए बेहतर है। उनका भी नेकी में बड़ा मुक़ाम था जैसा कि मैंने कहा। कहती हैं कि मैं तो इसलिए रोती हूँ कि अब आसमान से वह्य आना बंद हो गई। उन्होंने इन दोनों को भी रुला दिया और वह दोनों भी रोने लगे।

(सही मुस्लिम किताबुल फ़ज़ाइल हदीस 2454)

हज़रत उसामह रज़ि और हज़रत ज़ैद रज़ि की रंगत का बड़ा फ़र्क़ था। माँ क्योंकि हब्शा की रहने वाली थीं, अफ़्रीकन थीं। और ज़ैद दूसरी जगह के रहने वाले थे तो इस वजह से बाप बेटे में फ़र्क़ था। माँ की तरफ़ उनका रंग ज़्यादा था जिसकी वजह से कुछ लोग हज़रत उसामह रज़ि की नसल पर एतराज़ करते थे। ये कहा करते थे कि हज़रत ज़ैद रज़ि के बेटे नहीं हैं या एतराज़ बराए एतराज़ होते थे। मुनाफ़क़ीन भी एतराज़ किया करते थे तो हज़रत आयशह रज़ि वर्णन करती हैं कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम एक दिन मेरे पास आए तो आप (स) बड़े ख़ुश थे। आप (स) ने फ़रमाया कि हे आयशह रज़ि! अभी मुजज़्ज़िज़ मुदलजी मेरे पास आया था। उसने उसामा बिन ज़ैद रज़ि और ज़ैद बिन हारसह रज़ि को इस हालत में देखा कि इन दोनों पर एक चादर थी। गर्मी की वजह से या बारिश की वजह से बहरहाल किसी वजह से एक चादर दोनों ने ली हुई थी और मुँह ढके हुए थे, जिस से उन्होंने अपने सिरों को ढाँपा हुआ था और चेहरे भी नज़र नहीं आ रहे थे और इन दोनों के पैर बाहर निकले हुए थे। सिर्फ पैर बाहर निकले हुए थे तो उसने कहा कि यक़ीनन ये पैर एक दूसरे में से हैं अर्थात कि दोनों के जो पांव हैं बहुत समानता रखते हैं। तो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम बड़े ख़ुश थे कि उसामह रज़ि पर जो एतराज़ किया जाता था आज वह एतराज़ दूर हो गया है। क्योंकि ये एक माहिर चिन्ह देखने वाले हैं और यह देखने वाले चिन्ह देखने वाले जो दुनियादार आदमी होते हैं इस की यह भी गवाही है।

(सही अल-बुख़ारी किताबुल फ़राइज़ हदीस 6771) (फ़तहुल बारी शरह सही अल-बुख़ारी किताबुल फ़राइज़ हदीस 6771 जिल्द 12 पृष्ठ 58 प्रकाशन दार अर्रयान अत्तुरास अलक़ाहिरा 1987 ई)

और अरब के माहौल में यह एक दृढ़ बात हुआ करती थी। वैसे तो कोई नहीं लेकिन यह जो दुनियादारों का मुँह-बंद कराने के लिए, मुनाफ़क़ीन का मुँह-बंद कराने के लिए एक सबूत मिला जिस पर आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम बहुत ख़ुश थे।

हज़रत ज़ैद रज़ि नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के आज़ाद किए हुए ग़ुलाम और मुँह बोले बेटे भी थे। आप (स) ने हज़रत ज़ैद रज़ि की एक शादी हज़रत ज़ैनब बिन्त (पुत्री) जहश रज़ि से करवाई थी लेकिन ये शादी अधिक समय तक नहीं चली और हज़रत ज़ैद रज़ि ने हज़रत ज़ैनब रज़ि को तलाक़ दे दी। यह शादी एक साल या इस से कुछ अधिक समय तक रही। इस के बाद आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने ख़ुद हज़रत ज़ैनब बिन्त (पुत्री) जहश रज़ि से शादी की।

(अस्सीरतुन नवबिय्या , अर्ज़ वक़ाऐ तहलील एहदास दक़तूर अली मुहम्मद सलाबी। पृष्ठ 628-629। अलमबहसुल अव्वल: ज़ौज: अन्नबी ब ज़ीनब बिन्त (पुत्री) जहश, दार अलमारफ़: बेरूत 2007 ई)

विभिन्न उद्धरणों को इकट्ठा कर के सीरत ख़ात्मुल अंबिया में हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि ने जो लिखा है इस का विस्तार यूं है कि

हिजरत के पांचवें साल में जंग बनी मुस्तलक़ से कुछ समय पहले जो शाबान 5 हिज्री में घटना हुई आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने ज़ैनब बिन्त (पुत्री) जहश रज़ि से शादी फ़रमाई। हज़रत ज़ीनब रज़ि आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की फूफी अमीमा बिन्त (पुत्री) अब्दुल मुतलिब की साहबज़ादी थीं और बावजूद निहायत दर्जा नेक और मुत्तक़ी होने के उनकी तबीयत में अपने ख़ानदान की बड़ाई का एहसास भी कुछ सीमा तक पाया जाता था। इस के मुक़ाबला में आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की तबीयत इस किस्म के विचारों से बिलकुल पाक थी और यद्यपि आप (स) ख़ानदानी हालात को तमद्दुनी रंग में सम्मान योग्य समझते थे मगर आप (स) के निकट बुज़ुर्गी का वास्तविक स्तर व्यक्तगित ख़ूबी और व्यक्तिगत तक़्वा तथा पवित्रता पर आधारित था। जैसा कि क़ुरआन शरीफ़ फ़रमाता है कि إِنَّ أَكْرَمَكُمْ عِنْدَ اللّٰهِ أَتْقَاكُمْ (अलहुजरात:14) अर्थात हे लोगो! तुम में से जो शख़्स अधिक मुत्तक़ी है वही ज़्यादा बड़ा और इज़्ज़त वाला है। अत: आप (स) ने बिना किसी संकोच के अपनी इस रिश्तेदार अर्थात ज़ैनब बिन्त (पुत्री) जहश रज़ि की शादी अपने आज़ाद किए हुए ग़ुलाम और मुंह बोले बेटे ज़ैद बिन हारसह रज़ि के साथ करनी पसन्द किया। पहले तो ज़ैन्ब रज़ि ने अपनी ख़ानदानी बड़ाई का ख़्याल करते हुए इसे नापसंद किया लेकिन अन्त में आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की बड़ी पुरज़ोर इच्छा को देख कर रज़ामंद हो गईं। बहरहाल आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की इच्छा और चुनाव के अनुसार ज़ैनब रज़ि और ज़ैद रज़ि की शादी हो गई और यद्यपि ज़ैनब रज़ि ने हर तरह शराफ़त से निभाओ किया मगर ज़ैद रज़ि ने अपने तौर पर यह महसूस किया कि हज़रत ज़ीनब रज़ि के दिल में अभी तक ये ख़लिश छुपी है कि में एक सम्मान्नीय ख़ानदान की लड़की और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की क़रीबी रिश्तेदार हूँ और हज़रत ज़ैद रज़ि एक केवल आज़ाद किए हुए ग़ुलाम हैं और मेरे बराबर नहीं। दूसरी तरफ़ ख़ुद ज़ैद रज़ि के दिल में भी ज़ैनब के मुक़ाबला में अपनी पोज़ीशन के छोटा होने का एहसास था और इस एहसास ने धीरे-धीरे ज़्यादा मज़बूत हो कर उनकी घरेलू ज़िन्दगी को आन्नद रहित कर दिया था और पति पत्नी में असहयोग रहने लगा था। जब यह असहनीय हालत ज़्यादा तरक़्क़ी कर गई तो ज़ैद बिन हारसह रज़ि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ख़िदमत में हाज़िर हुए और अपने विचार में ज़ैनब रज़ि के सुलूक की शिकायत करके उन्हें तलाक़ दे देने की इजाज़त चाही और एक रिवायत में यूं भी आता है कि उन्होंने यह शिकायत की कि ज़ैनब सख़्त ज़बानी से काम लेती है। इसलिए में उसे तलाक़ देना चाहता हूँ। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को स्वाभाविक रूप से यह हालात मालूम करके सदमा भी हुआ मगर आप (स) ने ज़ैद रज़ि को तलाक़ देने से मना फ़रमाया और शायद यह बात महसूस करके कि ज़ैद रज़ि की तरफ़ से निभाओ की कोशिश में कमी है आप (स) ने हज़रत ज़ैद रज़ि को नसीहत फ़रमाई कि अल्लाह का तक़्वा धारण करो और तक़्वा धारण करके जिस तरह भी हो निभाओ करो। इस की कोशिश करो। अत: क़ुरआन शरीफ़ में भी आप के यह शब्द वर्णन हैं कि أَمْسِكْ عَلَيْكَ زَوْجَكَ وَاتَّقِ اللّٰهَ (अल्लाहज़ अब:38) कि हे ज़ैद! अपनी बीवी को तलाक़ ना दो और ख़ुदा का तक़्वा धारण करो।आप (स) की इस नसीहत की वजह यह थी कि प्रथम तो नियम अनुसार आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम तलाक़ को नापसंद फ़रमाते थे। अत: एक अवसर पर आप (स) ने फ़रमाया था कि أَبْغَضُ الْحَلَالِ إِلَى اللّٰهِ الطَّلَاق कि सारी हलाल

दुआ का अभिलाषी
जी.एम. मुहम्मद शरीफ़
जमाअत अहमदिया मरकरा (कर्नाटक)



इस्लाम और जमाअत अहमदिया के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए संपर्क करें

नूरुल इस्लाम नं. (टोल फ्री सेवा) :
1800 3010 2131
(शुक्रवार को छोड़ कर सभी दिन सुबह 9:00 बजे से रात 11:00 बजे तक)
Web. www.alislam.org, www.ahmadiyyamuslimjamaat.in

चीज़ों में से तलाक़ ख़ुदा को ज़्यादा नापसंद है और इसीलिए इस्लाम में सिर्फ इंतिहाई ईलाज के तौर पर इस की इजाज़त दी गई है। दूसरे जैसा कि हज़रत इमाम हुसैन रज़ी अल्लाह अन्हो के साहबज़ादे इमाम ज़ैनुल आबेदीन अली बिन हुसैन की रिवायत है और इमाम ज़ुहरी ने इस रिवायत को मज़बूत क़रार दिया है चूँकि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को पहले से यह वह्य इलाही हो चुकी थी कि ज़ैद बिन हारसह रज़ि अन्त में ज़ैनब रज़ि को तलाक़ दे देंगे और इस के बाद ज़ैनब रज़ि आप (स) के निकाह में आयेंगी इसलिए आप (स) इस मामला में अपना व्यक्तिगत सम्बन्ध समझते हुए बिलकुल ग़ैर मुताल्लिक़ और ग़ैर जांबदाराना रवय्या रखना चाहते थे और अपनी तरफ़ से इस बात की पूरी पूरी कोशिश करना चाहते थे कि ज़ैद रज़ि और ज़ैनब रज़ि के सम्बन्ध के टूटने होने में आप (स) का कोई दख़ल ना हो और जब तक निभाओ की अवस्था असम्भ हो निभाओ होता रहे और सम्बन्ध क़ायम रहे और इसी विचार के अधीन आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने बड़े इसरार के साथ ज़ैद रज़ि को यह नसीहत फ़रमाई कि तुम तलाक़ ना दो और ख़ुदा का तक़्वा दारण करके जिस तरह भी हो निभाओ करो। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को यह भी शंका थी कि अगर ज़ैद रज़ि की तलाक़ के बाद ज़ैनब रज़ि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के निकाह में आएं तो लोगों में इस की वजह से एतराज़ होगा कि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अपने मुंह बोले बटे की तलाक वाली औरत से शादी कर ली है और चाहेन चाहे परीक्षा की अवस्था पैदा होगी। अत: क़ुरआन शरीफ़ में अल्लाह तआला फ़रमाता है कि وَتُخْفِيْ فِيْ نَفْسِكَ مَا اللّٰهُ مُبْدِيْهِ وَتَخْشَى النَّاسَ وَاللّٰهُ اَحَقُّ اَنْ تَخْشٰهُ (अल्लहज्ज :38) कि हे नबी! तू अपने दिल में छुपाए हुए था वह बात जिसे ख़ुदा ने आख़िर ज़ाहिर कर दिया। ..... وَتُخْفِيْ فِيْ نَفْسِكَ مَا اللّٰهُ जिसे ख़ुदा ने आख़िर ज़ाहिर कर दिया था। और तो लोगों की वजह से डरता था और यक़ीनन ख़ुदा इस बात का बहुत ज़्यादा हक़दार है कि इस से डरा जाए।

